उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांकः 3294 /41(2026)/परीक्षा /2026–27 दिनांकः 04/नवम्बर/2026

विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन संख्या–08/2026 व 09/2026 के द्वारा विज्ञापित क्रमशः प्रधानाचार्य व प्रधानाध्यापक (अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय) पदों के आवेदन हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि उन्हें विज्ञापन के परिशिष्ट–2 के प्रारूपानुसार वांछित अनुभव प्रमाण–पत्र को सक्षम अधिकारियों से अनुमोदित/प्रतिहस्ताक्षरित प्रस्तुत करने में कठिनाई/विलम्ब का सामना करना पड़ रहा हो तो वे निर्धारित प्रारूप में अनुभव प्रमाण–पत्र में वांछित सूचनाएँ भरकर स्वयं तथा सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य से हस्ताक्षरित कराकर संलग्न करते हुए आवेदन सबमिट (Submit) कर सकते हैं, किन्तु बाद में साक्षात्कार/अभिलेख सत्यापन के समय सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित वांछित अनुभव प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा अन्यथा उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। इसके लिए उन्हें कोई अन्य अवसर नहीं दिया जायेगा।

(संजय कुमार सिंह)
उपसचिव